# Chapter 01
# जीव–जगत (THE LIVING WORLD)

## RANKER'S STUFF

**Q.1** गलत मिलान का चयन करें।

(1) गण – संबंधित कुलों का समूह

(2) वंश – संबंधित जातियों का समूह

(3) वर्ग – संबंधित गण का समूह

(4) भाग – संबंधित संघों का एक समूह

**Q.2** सजीवों में जैविक संगठन का पदानुक्रम हो सकता है

(1) उपकोशिकीय → कोशिकीय → व्यष्टि → समष्टि

(2) कोशिका → ऊतक → अंग → अंगतंत्र → व्यष्टि

(3) अंगतंत्र → ऊतक → कोशिकीय → अंगतंत्र → समष्टि

(4) अंगतंत्र → ऊतक → कोशिकीय → ऊतक तंत्र → समष्टि

**Q.3** निम्नलिखित में से सत्य कथनों का चयन करें और नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें।

I मानव का वैज्ञानिक नाम ***होमो सेपियन्स*** है।

II जेनेरा प्लांटारम को जॉन रे ने लिखा है।

III उच्चतम वर्गिकी संवर्ग भाग है।

IV किसी भी रैंक का वर्गिकी का समूह वर्गक है।

V निकटतम संबंधित जातियों का समूह वंश का प्रतिनिधित्व करता है।

VI सिस्टेमेटिक्स शब्द डी कैंडोल द्वारा दिया गया था।

(1) II, III, IV और VI (2) I, III, V और VI

(3) I, IV और V (4) II, III और VI

**Q.4** वर्गिकी संवर्गो के वर्गीकरण का निरीक्षण करे और नीचे दिए गए कथन के अनुसार अनुपस्थित संवर्ग की पहचान करें।

जगत
↑
संघ या भाग
↑
Y
↑
गण
↑
X
↑
वंश
↑
जाति

I. X संबंधित जातियों का एक समूह है।

II. Y संबंधित संघ का एक समूह है।

III. X संबंधित वंश का एक समूह है।

IV. Y संबंधित जगत का एक समूह है।

V. Y संबंधित गण का एक समूह है।

सही विकल्प हैं

(1) II और IV (2) I और II

(3) I, II, IV और V (4) III और V

**Q.5** *मेन्जीफेरा इण्डिका, सोलेनम ट्यूबरोसम* व *पेन्थेरा लिओ* नामों में ट्यूबरोसम, *इण्डिका* व *लिओ* शब्द किन्हे प्रदर्शित करते हैं :

(1) वंशनाम को (2) वंश संकेत पद को

(3) वर्ग नाम को (4) जाति संकेत पद को

**Q.6** उच्च वर्गिकी संवर्गों में संबंधों का निर्धारण करना क्यों कठिन हो जाता है :

(1) निम्न वर्गकों में समान लक्षणों की संख्या कम होती जाती है

(2) उच्च वर्गकों में समान लक्षणों की संख्या में कमी होती जाती है

(3) क्योंकि वर्गीकरण स्वयं एक बहुत कठिन प्रक्रिया है।

(4) उच्च वर्गकों में समान लक्षणों की संख्या बढती जाती है।

KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

**Q.7** निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है :

(1) गण, कुलों का समूह है जिसमें कुलों की तुलना में कुछ कम समान लक्षण होते है।

(2) कोनवॉल्वुलेसी व सोलेनेसी कुलों को पोलिमोनिएल्स गण में शामिल किया जाने का मुख्य आधार पुष्पीय लक्षण है।

(3) पदानुक्रम में संवर्ग तथा उपसंवर्ग दोनों काम आते है।

(4) वर्ग एक उपसंवर्ग है जिसमें संबंधित गण शामिल होते है।

**Q.8** विषम को पहचानें।

(1) पौधों और जन्तुओं के स्थानीय नाम होते है। ये स्थानिय नाम एक ही देश के विभिन्न स्थान के अनुसार बदलते रहते है।

(2) यदि हम किसी सघन वन में जाएँ, तो संभवतः हमें जीवों की वहाँ बहुत अधिक संख्या तथा उनकी कई किस्में दिखाई देंगी।

(3) जैविक विविधता से तात्पर्य पृथ्वी पर उपस्थित जीवों की संख्या और प्रकार से है।

(4) प्रत्येक ज्ञात जाति को दिया गया वैज्ञानिक नाम दुनिया भर में अलग–अलग देशों में अलग–अलग है

**Q.9** निम्नलिखित में से सही कथन ज्ञात कीजिए:–

(A) प्रत्येक सोपान पद या वर्गक, वास्तव में वर्गीकरण की एक इकाई को प्रदर्शित करता है

(B) वर्गीकरण पदानुक्रम में प्रत्येक चरण एक सोपान पद या संवर्ग को प्रदर्शित करता है

(C) एक वर्गिकी संवर्ग समग्र वर्गिकी पदानुक्रम का एक भाग है

(D) वर्गिकी संवर्ग विशिष्ट जैविक इकाइयाँ नहीं किन्तु आकारिकीय समूहन हैं

(1) A, B और D सही हैं (2) A, C और D सही हैं

(3) A, B और C सही हैं (4) केवल A और B सही हैं

**Q.10** निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।

I. द्विपदनाम पद्धति के अनुसार प्रत्येक जीव के नाम में, दो घटक होते हैं।

II. जीवों का पहला नाम जातीय संकेत पद और दूसरा नाम वंशनाम को प्रदर्शित करता है।

सही विकल्प चुनियें।

(1) I सत्य है, लेकिन II असत्य है

(2) I और II दोनों असत्य हैं

(3) I असत्य है, लेकिन II सत्य है

(4) I और II दोनों सत्य हैं

**Q.11** उच्च से निम्न रैंक तक विभिन्न वर्गिकी संवर्ग का सही क्रम चुनें:

(1) जाति → वंश → कुल → गण → वर्ग → संघ

(2) जाति → वंश → कुल → गण → प्रभाग → वर्ग

(3) भाग → वर्ग → गण → कुल → वंश → जाति

(4) संघ → गण → वर्ग → कुल → वंश → जाति

**Q.12** गलत कथन चुनें:

(a) उच्चतर संवर्ग पर अन्य टैक्सा से संबंध निर्धारित करना कम कठिन हो जाते है।

(b) डिप्टेरा एनिमेलिया वर्ग से संबंधित है

(c) वर्ग डिप्टेरा में घरेलू मक्खी शामिल है

(d) कार्निवोरा जिसमें बाघ, बिल्ली, कुत्ता आते हैं।

(1) a, b, c, d (2) केवल b, c

(3) a, b, c (4) केवल d

**Q.13** नामकरण के सार्वत्रिक नियमों पर विचार करें, गलत को चुने।

(1) जैविक नाम प्रायः लैटिन भाषा में होते हैं और तिरछे अक्षरो में लिखे जाते हैं

(2) जैविक नाम में पहला शब्द जाति को दर्शाता है जबकि दूसरा घटक वंश को दर्शाता है।

(3) जैविक नाम को जब हाथ से लिखते हैं, तब दोनों शब्दों को अलग–अलग रेखांकित करते हैं।

(4) उपरोक्त सभी कथन गलत हैं।

**Q.14** निम्न कथनों को ध्यान पूर्वक पढ़िये :

(i) यीस्ट तथा *हाइड्रा* मुकुलन के द्वारा अलैंगिक जनन कर सकते है।

(ii) कवक अत्यधिक तीव्र गति से गुणन करते है तथा तेजी से फैलते है क्योंकि यह लाखों अलैंगिक बीजाणु बनाते है।

(iii) *प्लेनेरिया* में वास्तविक पुनरूद्भवन पाया जाता है।

(iv) कवक, तन्तुमय 'शैवाल तथा मॉस का प्रथम तंतु

विखण्डन के द्वारा आसानी से गुणन करते हैं।

(v) एक कोशिकीय जीवों में वृद्धि तथा गुणन पारस्परिक अलग–अलग घटनाऐं हैं।

उपरोक्त में से कितने कथन सत्य है?

(1) चार (2) दो

(3) तीन (4) एक

**Q.15** विषम को पहचानें।

(1) गण–प्राइमेट में बंदर, गोरिल्ला और गिब्बन को रखा गया है।

(2) वर्ग जिसमें जंतु जैसे मछली, उभयचर, सरीसृप, पक्षी तथा स्तनधारी आते है। अगले उच्चतर संवर्ग संघ बनाते हैं।

(3) टैक्सोनोमिस्टों ने विभिन्न टैक्सा के अधिक सुदृढ़ और वैज्ञानिक प्लेसमेंट की सुविधा के लिए वर्गीकी पदानुक्रम में उप–संवर्ग भी विकसित की हैं।

(4) प्रत्येक संवर्ग, जिसे वर्गीकरण की इकाई कहा जाता है, वास्तव में, एक सोपान पद को प्रदर्शित करती है और सामान्यतः इसे कुल कहा जाता है

**Q.16** कॉलम A और कॉलम B का मिलान करें

| कॉलम–A | कॉलम–B |
|---|---|
| **(a)** मानव | **(i)** डिप्टेरा |
| **(b)** घरेलू मक्खी | **(ii)** सैपिंडेल्स |
| **(c)** आम | **(iii)** प्राइमेटा |
| **(d)** गेहूं | **(iv)** पोएल्स |

(1) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d) (iv)

(2) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d) (iv)

(3) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)

(4) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iii), (d)- (iv)

**Q.17** गलत को चुने।

(1) हम अपने पर्यावरण को अपनी इंद्रियों के माध्यम से महसूस करते हैं।

(2) दीप्तकाल मौसमी प्रजनकों, पौधों और जन्तुओं दोनों में जनन को प्रभावित करती है।

(3) जीवों के भार तथा संख्या में वृद्धि होना वृद्धि के द्वियुग्मी अभिलक्षण हैं।

(4) कोशिका–मुक्त तंत्र में उपापचय क्रियाओं को शरीर के बाहर प्रदर्शित नहीं किया जा सकता है

**Q.18** निम्नलिखित को समान विशेषताओं के आरोही क्रम में व्यवस्थित करें।

I. कुल II. वंश III. वर्ग IV. जाति

(1) वर्ग < कुल < वंश < जाति

(2) कुल < वर्ग < वंश < जाति

(3) जाति < वंश < कुल < वर्ग

(4) वर्ग < वंश < जाति < कुल

**Q.19** निम्नलिखित कॉलमों का मिलान करें।

| कॉलम **I** | कॉलम **II** |
|---|---|
| A. कुल | 1. *ट्यूबरोसम* |
| B. जगत | 2. पॉलीमोनियलस |
| C. गण | 3. *सोलेनम* |
| D. जाति | 4. प्लांटी |
| E. वंश | 5. सोलेनेसी |

| | A | B | C | D | E |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 5 | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (2) | 5 | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (3) | 1 | 2 | 3 | 5 | 4 |
| (4) | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 |

**Q.20 कॉलम I और कॉलम II का मिलान करें**

| **कॉलम–I** | **कॉलम–II** |
|---|---|
| **(a) फेलिडी** | **(i) सोलेनेसी** |
| **(b) गोरिल्ला** | **(ii) कुत्ता** |
| **(c) पिटूनिया** | **(iii) बिल्ली** |
| **(d) कैनिडी** | **(iv) प्राइमेट** |

(1) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d) (iv)

(2) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d) (iv)

(3) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)

(4) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iii), (d)- (iv)

**Q.21** नीचे दिए गए कथनों को पढ़ें और असत्य कथन की पहचान करें।

(1) वैज्ञानिक नाम एक ही जीव के लिए अनेक नामों का समर्थन करते हैं

(2) वैज्ञानिक नाम पूरे विश्व में प्रयुक्त होते हैं

(3) वैज्ञानिक नाम वर्णनात्मक होते हैं और हमें जीवों के कुछ महत्वपूर्ण लक्षण बताते हैं

(4) वैज्ञानिक नाम जातियों के बीच संबंध दर्शाते हैं

**Q.22** निम्नलिखित में से कौन जीवन रूपों की अभिलाक्षणिक विशेषताएं हैं?

(1) उपापचय, जनन

(2) कोशिकीय संगठन, चेतना

(3) बाह्य वृद्धि, जनन

(4) चेतना, बाह्य वृद्धि

**निर्देश:(प्र.23 से प्र.27)**– नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में, कथन का अभिकथन दिया गया है जिसके बाद कारण के संबंधित कथन दिए गए हैं। कथनों में से सही उत्तर को चिन्हित करें

**(A)** अभिकथन और कारण दोनों सत्य हैं और कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है

**(B)** दोनों कथन और कारण सत्य हैं, लेकिन कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है

**(C)** अभिकथन सत्य है, लेकिन कारण असत्य है

**(D)** अभिकथन असत्य है, लेकिन कारण सत्य है

**Q.23** **अभिकथन:** वैज्ञानिक नाम इटालिक्स में छपे होते हैं।

**कारण:** वैज्ञानिक का नाम जाति संकेत पद के बाद संक्षिप्त रूप में लिखा जाता है और रोमन में छपा होता है।

(1) A (2) B (3) C (4) D

**Q.24** **अभिकथन:** प्रत्येक वर्गिकी समूह के दो या दो से अधिक नाम हो सकते हैं।

**कारण:** नाम, संक्षिप्त (छोटा) सटीक और उच्चारण में आसान होना चाहिए।

(1) A (2) B (3) C (4) D

**Q.25** **अभिकथन:** कैरोलस लिनियस एक स्वीडिश प्रकृतिवादी थे।

**कारण:** लिनियस को वर्गिकी का जनक कहा जाता है।

(1) A (2) B (3) C (4) D

**Q.26** **अभिकथन:** प्रारंभिक वर्गीकरण विभिन्न जीवों के 'उपयोग' पर आधारित थे।

**कारण:** प्रारंभिक दिनों में, मनुष्य को भोजन, कपड़े और आश्रय की अपनी आधारभूत आवश्यकताओं के लिए स्त्रोत खोजने की आवश्यकता थी।

(1) A (2) B (3) C (4) D

**Q.27** **अभिकथन:** कुलों के वर्गीकरण का आधार पौधों के कायिक तथा जननिक दोनों गुण होते है।

**कारण:** उदाहरण के लिए, पौधों में, तीन अलग–अलग वंश *सोलेनम, पिटुनिया* और *धतूरा* को कुल–फैबेसी में रखा गया है।

(1) A (2) B (3) C (4) D

**निर्देश (Q.28–Q.31):** उपरोक्त के आलोक में नीचे दिए गए विकल्पं में से कथनों के सही उत्तर चुनें :

(A) कथन I सत्य है लेकिन कथन II असत्य है

(B) कथन II सत्य है लेकिन कथन I असत्य है

(C) दोनों कथन I और II सत्य हैं

(D) दोनों कथन I और II असत्य हैं

**Q.28** **कथन– I:** जीवित शरीर में होने वाली सभी रासायनिक क्रियाओं के योग को उपापचय कहा जाता है

**कथन–II:** रोगी का मस्तिष्क–मृतसम होता है रोगी में स्वचेतना नही होती है, रोगी जो कभी भी अपने सामान्य जीवन में वापस नहीं आ पाते है उन्हें जीवित माना जाता है

(1) A (2) B (3) C (4) D

**Q.29** **कथन– I:** पृथ्वी पर अनेक संख्या और प्रकार के जीव उपस्थित हैं, इसे जैविक विविधता कहा जाता है

**कथन– II:** सभी जीवित जीवों को विशेषताओं के आधार पर विभिन्न वर्गों में वर्गीकृत किया जा सकता है, वर्गीकरण की इस प्रक्रिया को वर्गिकी कहा जाता है

(1) A (2) B (3) C (4) D

**Q.30** **कथन– I:** जीवों का एक वर्ग जिसमें मौलिक समानता होती है। उसे जाति कहते है।

**कथन– II:** प्रत्येक वंश में विभिन्न जीवों को प्रदर्शित करने वाले एक या एक से अधिक जाति संकेत पद हो सकते हैं।

(1) A (2) B (3) C (4) D

**Q.31** **कथन–I:** शेर का वैज्ञानिक नाम *पैंथेरा लियो* लिखते है।

**कथन– II:** वंश को दर्शाने वाला पहला शब्द बड़े अक्षर से प्रांरभ होता है जबकि जाति संकेत पद छोटे अक्षर से प्रांरभ होता है।

(1) A (2) B (3) C (4) D

# ANSWER KEY

## RANKER'S STUFF

| Que. | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Ans. | 4 | 2 | 3 | 4 | 4 | 2 | 4 | 4 | 3 | 1 | 3 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| Que. | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| Ans. | 1 | 4 | 3 | 1 | 3 | 1 | 2 | 2 | 4 | 2 | 1 | 3 | 3 | 3 | 3 |
| Que. | 31 | | | | | | | | | | | | | | |
| Ans. | 3 | | | | | | | | | | | | | | |

KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR